प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री आज 16वें रोजगार मेले के अवसर पर देशभर के युवाओं को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि आज का युवा देश के विकास में योगदान दे रहा है।

.....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के नियुक्ति पत्र वितरित किए। राज्य में भी जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर में रोजगार मेले लगाये गये। जयपुर के कॉस्टिट्यूशन क्लब में आयोजित समारोह में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने नव चयनितों को नियुक्ति पत्र दिए। जोधपुर में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और अजमेर में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

00000

ट्रिपल आईटी कोटा का चौथा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिरकत की। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रति जगदीप धनखड ने कहा कि भारत के युवा डिजिटल इंडिया की नींव बना रहे है। उन्होंने कहा कि तकनीक सिर्फ जानकारी नहीं है बल्कि देश के विकास में सहयोग का एक बडा माध्यम है। कार्यक्रम को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी संबोधित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी यहां से ग्रहण की गई शिक्षा से राष्ट्र निर्माण में सहयोग करेंगे। कोटा के रानपुर स्थित ट्रिपल आईटी कैम्पस में आयोजित किये गये इस समारोह में 185 विद्यार्थियों को बीटेक की उपाधि और चार विद्यार्थियों को एमटेक की डिग्री प्रदान की गई। इन सभी ने एआई और डेटा सांइस में विशेषज्ञता हांसिल की है। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट ने की। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे। इससे पहले उपराष्ट्रपति और राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया।

00000

राज्य में जल्द ही राजस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पॉलिसी–2025 लायी जायेगी। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से इसे तैयार किया जा रहा है। इस नीति का उद्देश्य राज्य को एआई के क्षेत्र में उभरता केंद्र बनाना है। विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह ने कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित एआई पॉलिसी स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन कार्यशाला के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि यह नीति स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शहरी प्रशासन जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग को बढ़ावा देगी। कार्यशाला में राजस्थान एआई पॉलिसी–2025 के मसौदे पर भी चर्चा की गई, जिसे विभाग की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस मसौदे पर अपनी राय और सुझाव साझा कर सकता है।

0000

भरतपुर में आज सुबह मथुरा गेट इलाके में सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार पति पत्नी की मृत्यु हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दम्पत्ति रोड़ क्रॉस कर रहे थे और गैस से भरे एक टैंकर ने टक्कर मार दी। उधर पाली में कल शाम रानी फालना रोड़ पर रोडवेज की बस गड्डे में गिरने से महिला की मृत्यु हो गई और 11 लोग घायल हो गए।

00000

प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से भारी बरसात दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार कल सबसे अधिक 9 सेंटीमीटर पानी जयपुर के सांभर में बरसा। धौलपुर के सरमथुरा और श्रीगंगानगर के पदमपुर में 8–8 सेंटीमीटर, राजसमंद में 7, बीकानेर, नागौर के खींवसर, सवाईमाधोपुर के खंडार, झुंझुनूं के उदयपुरवाटी और अजमेर के पीसागन में 6–6 सेंटीमीटर बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज से राज्य के

दक्षिण–पूर्वी भागों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। इन हिस्सो में 14 जुलाई तक कोटा, उदयपुर, अजमेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में भारी और कहीं–कहीं बहुतभारी बारिश हो सकती है। वहीं दक्षिण–पश्चिमी भागों में कल से भारी बारिश की गतिविधियां बढने के आसार है।

00000